लोकल स्पोर्ट्स

मध्यप्रदेश बधिर टीम ने 2 स्वर्ण 2 रजत 1 कास्य पदक जीता



इंदौर। त्रिवेन्द्रम (केरल) में 12 से 16 नवंबर 2026 तक 11वी नेशनल सब जूनियर, जूनियर एवं 28वी राष्ट्रीय सीनियर बधिर बेडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस टूर्नामेंट अखिल भारतीय बधिर क्रीडा परिषद द्वारा संपन्न हुई। स्पर्धा में म. प्र की 15 सदस्यीय टीम ने भी भाग लिया था। टीम के साथ संदीप पंडित एवं भाग्यप्रकाश शर्मा क्रमशः मैनेजर एवं कोच थे।

जूनियर बालिका बैडमिंटन स्पर्धा में सिंगल मिताली राठी सिल्वर मेडल (द्वितीय), डबल्स मिताली राठी, अक्षरा बंडी गोल्डन मेडल (प्रथम) रही। दोनों विजेता मूक बधिर संगठन की छात्रा हैं। सिंगल सीनियर चुमेन बेडमिंटन में गौरीशी शर्मा (भोपाल) कास्य पदक (तृतीय) रही।

लॉन टेनिस मेन सिंगल में धनंजय दुबे रजत पदक, मेन डबल्स गोल्डन मेडल (ग्वालियर) एवं दिव्यलक्ष चौहान (भोपाल)। आर्यन हुमेनी एवं कृष्णकांत वर्मा चौथे स्थान पर रहे इस प्रकार म.प्र. बधिर टीम ने 2 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक, 1 कास्य पदक प्राप्त किया। ये विजेता प्रतिभागी आगे जाकर इंटरनेशनल स्पर्धा में भी भाग लेकर भारत का नाम रोशन करेंगे। मूक बधिर संगठन ने विजेताओं का आत्मीय स्वागत किया और राजकुमार पंजाबी ने आभार माना।

इन्दौर के कार्तिक जैन ने जीता स्वर्ण



इन्दौर (ई) दुर्ग में आयोजित वेस्ट जोन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कार्तिक जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट लिफ्टर का सम्मान जीता। इस चैंपियनशिप में कार्तिक ने स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट में कुल 600.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पश्चात कार्तिक जैन ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि लगातार कठिन प्रशिक्षण, अनुशासन और परिवार के समर्थन का नतीजा है। उन्होंने इंदौर में रहकर मेहनत की और अब वेस्ट जोन स्तर पर पहचान बनाई है। चैम्पियनशिप में पश्चिम क्षेत्र के कई स्थापित खिलाड़ियों के बीच उनकी स्थिरता, ताकत और मेहनत ने उन्हें अलग पहचान दिला यह उपलब्धि दिलायी।

खेल दिवस का आयोजन



इन्दौर। सिका बालवाटिका, निपानिया में खेल दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मार्च पास्ट,बेटल रेस द्वारा हुई।हर्डल रेस ,तथा टनल रेस, सर्किट रेस , स्प्रिंट रेस में सभी बच्चों ने पूरे जोश आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एस.एम.सी राधाकृष्णन अय्यर, प्रिंसिपल श्रीमती रजनी उप्रेती, वाइस प्रिंसिपल श्रीमती स्मिता भागवत, एच.एम श्रीमती सोनल खन्ना,ए.एच.एम छवि सक्सेना ने अपनी उपस्थिति देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

'कानून का ज्ञान' दिवस का आयोजन

लॉ स्टूडेंट्स को वकालत में निरंतर पढ़ने और परिश्रम करना बहुत जरूरी

इंदौर, । संविधान दिवस के अवसर पर आज कानून का ज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में भारतीय संविधान, कानून और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनके कानूनी ज्ञान को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनीष यादव तथा विशेष अतिथि के रूप में अधिवक्ता श्री पीयूष गोयल उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने विधिक एवं व्यावसायिक अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों को कानून के क्षेत्र में निरंतर अध्ययन, व्यावहारिक ज्ञान और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की



शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों के लिए एक विशेष लॉ क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भारतीय संविधान एवं विभिन्न कानूनों से संबंधित प्रश्न प्रत्येक प्रतिभागी से व्यक्तिगत रूप से पूछे गए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए और अपने विधिक ज्ञान एवं समझ का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि श्री मनीष यादव एवं विशेष अतिथि श्री पीयूष गोयल द्वारा पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए एडवोकेट एवं लॉ एक्सपर्ट डॉ. पंकज वाधवानी ने बताया कि संविधान दिवस केवल एक ऐतिहासिक दिवस नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों और कानूनी दायित्वों के प्रति जागरूक करने का अवसर है।

छोटा बांगड़दा में आध्यात्मिक प्रवचन एवं अनुष्ठान सम्पन्न

इंदौर। महासती डॉ. कुमुदलता जी महाराज आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में आज छोटा बांगड़दा स्थित लीड्स प्लेटिनम पर आध्यात्मिक प्रवचन एवं अनुष्ठान श्रद्धा सहित सम्पन्न हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप्ति जैन एवं अध्ययन जैन द्वारा मंगलाचरण से हुआ। स्वागत उद्बोधन अलका जैन ने दिया।

अपने दिव्य प्रवचन में महासती जी ने श्रद्धालुओं को धर्म, अहिंसा, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सच्ची शांति बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि आंतरिक साधना और सम्यक आचरण से मिलती है। प्रवचन के पश्चात मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ।

लीड्स परिवार की ओर से सम्मान- लीड्स परिवार की ओर से महावीर भवन श्रावक संघ के पदाधिकारी श्री डीपीन जैन एवं श्री रमेश भण्डारी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दिलीप लोढ़ा, आलिस जैन, अल्का जैन, दीप्ति जैन, अध्ययन जैन, रीधवी जैन ने महासती मंडल के चरणों में आदर की चादर अर्पण की।

युवा फिल्म निर्माताओं की फीचर फिल्म को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म मंच पर मिली पहचान

इन्दौर। इंदौर के युवा फिल्म निर्माताओं गीता गोविंद गुप्ता, सूर्यांश पटेल, यश द्विवड़ और विशाल पवार की फीचर फिल्म द गार्डन ऑफ बस के बैनर तले निर्मित को अंतरराष्ट्रीय फिल्म मंच पर दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं। नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 2026 का आयोजन 20 से 24 नवंबर तक गोवा में हुआ, जिसके वर्क-इन-प्रोग्रेस जैव में पहले में चयनित इस फिल्म को अब 2026 में प्रमाद कॉरपोरेशन पोस्ट-प्रोडक्शन अवॉर्ड तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज वर्क-इन-प्रोग्रेस जैव अवॉर्ड में सम्मानित किया गया है।



मोयरा कप अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा

इन्दौर कोल्ट्स की विराट जीत



इन्दौर। सचिव देवाषीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा कप अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज इंदौर कोल्टस एवं जय गिरनारी के मध्य मैच खेला गया।

जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में सभी विकेट खोकर 274 रन बनाये। मनस्व वर्मा एवं दिव्यांश शर्मा ने 79-79 रनों का योगदान दिया। विनय यादव ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। जवाब में जय गिरनारी की टीम 34 ओवरो में सभी विकेट खोकर 142 रन ही बना पाई और यह मैच 132 रनों के विशाल अंतर से हार गई। शार्दुल तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये।

संजय लुणावत फाउण्डेशन की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं एमकेसीसी के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 32 ओवरो मे सभी विकेट खोकर मात्र 95 रन बनायें। कृष्णा दौर व राज नायक ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में संजय लुणावत फाउण्डेशन की टीम ने 33 ओवरो में 9 विकेट खोकर 96 रन बनाकर यह मैच 1 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया। लक्ष्य पाठक ने 5 विकेट लिये लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

रूद्र नायक एकेडमी की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आनएनसीए एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमे एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 44 ओवरो में सभी विकेट खोकर 112 रन बनायें वंशदीप भाटिया ने 4 विकेट एवं गोपेश कुमावत ने 3 विकेट लिये। जवाब मे आरएनसीए की टीम ने 12 ओवरो में 2 विकेट खोकर 115 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । अवि नायक ने 61 रन बनाये।

एलवायासीसी की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 45 ओवरो में सभी विकेट खोकर 268 रन बनाये। भव्य चैहल ने 60 रन एवं नंद कागतारा ने 97 रन बनायें गीतांशु ने 3 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब की टीम 29 ओवरो में सभी विकेट खोकर 89 रन ही बना पाई और यह मैच 179 रनों के विशाल अंतर से हार गई। शिवांश, वीर एवं माधवन ने 3-3 विकेट लिये।

एमबीसीए की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमबीसीए एवं एनबीएसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमबीसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट खोकर 306 रन बनाये ।विशेष रावत ने 70 रन एवं यशराज सिंह ने 53 रन बनायें। जवाब में एनबीएसीए की टीम ने 22 ओवरो में 141 रनों पर अपने सभी विकेट खो दिये और यह मैच 165 रनों के अंतर से हार गई । अर्नल घोडगांवकर ने नाबाद 100 रन बनाये। मों. इशितहाक ने 4 विकेट लिये।

एसएस कम्यून की सुपर जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसएस कम्यून एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 294 रन बनाये। अमूल्य चावडा ने नाबाद 100 रन, जयदिव राणावत ने 72 रन एव मुनिश जैन ने 51 रन बनाये। निर जैन ने 4 विकेट लिये। जवाब में एकेसीए की टीम 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 218 रन ही बना पाई और यह मैच 76 रनों के अंतर से हार गई। पियुष मौर्य ने 89 रन बनाये। अथक भाटिया ने 3 विकेट लिये ।



कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफीयर एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा : आरसीसी की रोमांचक जीत

सचिव देवाषीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज आरसीसी एवं इंदौर स्पोटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाये। अनिल मौर्य ने 58 रन बनायें । आकाश पंवार ने 4 विकेट एवं उज्जवल पालीवाल ने 3 विकेट लिये। जवाब में आरसीसी की टीम ने 42 ओवरो में 6 विकेट खोकर 250 रन बना लिये और यह मैच 4 विकेट से जीत लिया । यश यादव ने 74 रन एवं कपिश घोसालकर ने 63 रन बनाये। वैभव शर्मा ने 3 विकेट लिये।

हॉकी में भी खेले रोमांचक मुकाबले खेले गये

आईपीएससी बास्केटबॉल में एमराल्ड हाइट्स व द मान स्कूल फाइनल में

इन्दौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन लीग मुकाबलों के साथ सेमीफाइनल मैच खेले गए।





शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर और द मान स्कूल, दिल्ली ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

दिन के लीग मुकाबले में द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने द सागर स्कूल, राजस्थान को 40-27 से पराजित किया। एमराल्ड की ओर से प्रद्युम्न ठाकुर ने 24, रक्षावर्धन ने 16 और आर्यमन ने 4 अंक बनाए। वहीं द सागर स्कूल की ओर से अंश ने 16 और केशवेरसियर ने 6 अंक बनाए।

दूसरे लीग मुकाबले में मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (एमएनएसएस), राई ने एल.के. सिंघानिया को 43-23 से हराया। एमएनएसएस राई की ओर से रयांश ने 16, दिव्यांश और मनीष ने 8-8 अंक बनाए। एल.के. सिंघानिया की ओर से भाविन ने 10, हिमांशु और रणविजय ने 4-4 अंक बनाए।

तीसरे लीग मुकाबले में द सागर स्कूल, राजस्थान ने बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी को 30-16 से हराया। सागर स्कूल की ओर से अंश ने 24 और आरुष ने 7 अंक बनाए। बिरला पब्लिक स्कूल की ओर से माधव ने 10 और उत्पल ने 6 अंक बनाए।

दिन के चौथे लीग मुकाबले में यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला ने बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी को 41-27 से पराजित किया। यादवेंद्र पब्लिक स्कूल की ओर से रणवीर ने 20, नमन ने 14 और अरमानवीर ने 8 अंक बनाए। बिरला पब्लिक स्कूल की ओर से माधव शर्मा, उत्पल और हर्ष कुमार ने 8-8 अंक बनाए।

दूसरे सत्र के पहले सेमीफाइनल में द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राई को 39-31 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एमराल्ड की ओर से रक्षावर्धन ने 16, प्रद्युम्न ठाकुर ने 10 तथा हर्ष अग्रवाल और आर्यमन गर्ग ने 4-4 अंक बनाए। मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स की ओर से मनीष ने 12, रयांश और दीपांशु ने 4-4 अंक बनाए।

दूसरे सेमीफाइनल में द मान स्कूल, दिल्ली ने यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला को 37-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। द मान स्कूल की ओर से एम.डी. सानी ने 10, देवेश ने 6 तथा गगिन और गुलाम ने 4-4 अंक बनाए। यादवेंद्र पब्लिक स्कूल की ओर से हरगुन और रणवीर सिंह ने 4-4 तथा अरमानवीर सिंह ने 2 अंक बनाए।

हॉकी में भी हुए रोमांचक मुकाबले

द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले खेले गए। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर और बी.के. बिरला सेंटर फॉर एजुकेशन, पुणे के बीच मुकाबला 1-1 गोल से बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल किया और मैच ड्रॉ रहा।

दूसरे मुकाबले में मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राई ने डेली कॉलेज, इंदौर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 गोल से जीत हासिल की। मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स की ओर से तविश और वरुण ने 3-3 गोल तथा निक्की ने 5 गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 4 इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक गोसलिया पिता माणिकलाल गोसलिया, दिनेश गोसलिया पिता माणिकलालजी गोसलिया द्वारा झोन क्रं. 4, राजस्व विभाग पर नामांतरण आवेदन क्रमांक.... दिनांक 23/11/2026 के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 2000236621 पता ई-03 औद्योगिक क्षेत्र क्रं. 1 रेडीमेड क्लस्टर भागीरथपुरा इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 28.11.2026 से पन्द्रह दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 4 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 4, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

नाम परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा नाम **रविशंकर शुक्ला** **पिता श्री ओमप्रकाश शुक्ला** आयु-40 वर्ष, रोजगार- नौकरी, निवासी-167 हुकमचंद कॉलोनी इन्दौर म.प्र.। यह कि मेरे पुत्र का नाम **आरव शुक्ला** है, जो कि मेरे पुत्र के समग्र आई.डी. में नाम **आरव शुक्ला** दर्ज है। यह कि जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश **आरव** लिखा हुआ है जो कि अधूरा नाम है। मेरे पुत्र का नाम **आरव शुक्ला** है तथा इसी नाम से जाना-पहचाना जावे।

रविशंकर शुक्ला
167, हुकुमचंद कॉलोनी, इन्दौर (म.प्र.)

इंदौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इंदौर

म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत पंजीयन क्रं. 900, दिनांक 21.04.89
एफ. 85, रजत जयंती काम्पलेक्स, योजना क्रं. 54 इन्दौर, फोन नं. 2556681, 4201763

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करने में आता है कि, संस्था इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर संस्था सदस्य **श्री उत्तम पिता आशाराम श्रीवास निवास म.नं 114/2 तपेश्वरी बाग मालवीय पेट्रोलपम्प के पीछे, इन्दौर** में रहते है। अपने स्वमं के नाम की मालिकी व आधिपत्य की मकान नोटरी इकरार नामा. दस्तावेज नं. 114/2 तपेश्वरी बाग मालवीय पेट्रोल पम्प के पीछे, इन्दौर की मकान नोटरी दस्तावेज को तारण किये जाकर संस्था इनको **7,00,000/- (सात लाख रूपये)** कर्ज दे रही है। किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 3 दिन में मय दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें। उसके पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

घनश्याम पाटिल (प्रबंधक)
इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर (म.प्र.)

इंदौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इंदौर

म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत पंजीयन क्रं. 900, दिनांक 21.04.89
एफ. 85, रजत जयंती काम्पलेक्स, योजना क्रं. 54 इन्दौर, फोन नं. 2556681, 4201763

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करने में आता है कि, संस्था इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर संस्था सदस्य **श्री आशाराम पिता नत्थूजी श्रीवास निवास म.नं 114/2 तपेश्वरी बाग मालवीय पेट्रोलपम्प के पीछे, इन्दौर** मे रहते है। अपने **पुत्र उत्तम पिता आशाराम श्रीवास** के नाम की मालिकी व आधिपत्य की मकान नोटरी इकरार नामा दस्तावेज नं. 114/2 तपेश्वरी बाग मालवीय पेट्रोलपम्प के पीछे, इन्दौर की मकान नोटरी दस्तावेज को तारण किये जाकर संस्था इनको **3,50,000/- (तीन लाख पचास हजार रूपये)** कर्ज दे रही है। किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 3 दिन में मय दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें। उसके पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

घनश्याम पाटिल (प्रबंधक)
इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर (म.प्र.)

डॉ. कमल कुमार साबू महासमुन्द आमंत्रित

इन्दौर। सुरेश सेठ विचार मंच अध्यक्ष समाजसेवी डा. कमल कुमार साबू के छत्तीसगढ़ के महासमुन्द में शिवम प्लाजा और शिवम मेडिकल स्टोर्स के उदघाटन समारोह में नगर पालिका महासमुन्द उपाध्यक्ष देवीचंदजी राठी ने आमंत्रित किया है।

29 नवम्बर रविवार को महासमुन्द के एकता चौक में हो रहे शिवम प्लाजा काम्पलेक्स के उदघाटन समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रमुख नेता, मंत्री, विधायक, पार्षद, समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। हेमंत राठी, डिम्पल राठी, भरत राठी, ताराचंद राठी, ज्योति राठी, डा. योगिता राठी आगंतुकों की अगवानी करेंगे। डा. साबू को मध्यप्रदेश से विशेष रूप से निमंत्रित किया गया है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी मैत्री मंच के प्रचार सचिव नयन राठी ने दी।